कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 08.12.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

शासकीय कन्या महाविद्यालय क्रिकेट में पुनः विजेता

शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग ने हेमचंद यादव अंतर महाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में पुनः विजेता। स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई हुडको द्ववारा आयोजित प्रतियोगिता में 3 महाविद्यालय ने हिस्सा लिया। इसलिए यह प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई अपने पहले लीग मैच में शासकीय कन्या महाविद्यालय ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग को 10 विकट से परास्त किया। विज्ञान ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग का फैसला किया 15 ओवर में 56 रन बना के विज्ञान की टीम सिमट गई। महाविद्यालय के ओपनर बैट्समैन जागेश्वरी एवम निधि सूर्यवंशी ने निर्धारित लक्ष्य को 9 ओवर में पूरा किया। दिनांक 7 दिसम्बर को अपने दूसरे लीग मैच में कन्या महाविद्यालय टॉस जीत कर पहले फील्डिंग का फैसला किया ,और 59 रन में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव को समेट दिया, वही अपना एक विकेट खो कर 9 ओवर में ही 59 रन बना दिया और विजयी हुए। महाविद्यालय की ओर से जागेश्वरी (कप्तान) दीप्ति, निधि सूर्यवंशी, प्रिया साव (विकेट कीपर) मनस्वी निर्मलकर, मोनिका (विकेट कीपर) ईशा त्रिपाठी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। बाकी टीम इस प्रकार थी, ईशा नेताम, अनसी बारा, इशिका सिंग, संतोषी, सरिता यादव, चंचल यादव, वर्षा ठाकरे, लक्षी देवांगन थे। टीम मैनेजर डॉ ऋतु दुबे, प्रशिक्षक गरिमा थी। हेमचंद यादव टीम की तत्काल घोषणा की गई जिस में 7 खिलाड़ी कन्या के चयनित हुए। जागेश्वरी, निधि सूर्यवंशी, मनस्वी, दीप्ती, मोनिका, प्रिया साव ,ईशा त्रिपाठी है। महाविधालय के प्राचार्य डॉ सुशीलचंद तिवारी, डॉ0 सुचित्रा खोब्रागढ़े, संयोजिका क्रीडा समिति, श्री जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

ASCUS

.

.